कार्यालय सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

विज्ञप्ति

सर्व साधारण के सूचनार्थ विज्ञप्ति प्रसारित की जाती है कि माध्यमिक शिक्षा परिषद्, उ0प्र0, प्रयागराज द्वारा संचालित वर्ष 2021 की इण्टरमीडिएट की प्रयोगात्मक परीक्षाएँ निम्नांकित कार्यक्रमानुसार दो चरणों में उनके सम्मुख अंकित मण्डलों में आने वाले जनपदों की सम्पन्न करायी जायेंगी।

प्रथम चरण – **03 फरवरी,2021 से 12 फरवरी,2021 तक। (मण्डल का नाम – आगरा, सहारनपुर, बरेली, लखनऊ, झांसी, चित्रकूट, फैजाबाद, आजमगढ़, देवीपाटन तथा बस्ती)**

द्वितीय चरण – **13 फरवरी,2021 से 22 फरवरी,2021 तक। (मण्डल का नाम – अलीगढ़, मेरठ, मुरादाबाद, कानपुर, प्रयागराज, मिर्जापुर, वाराणसी तथा गोरखपुर)**

प्रयोगात्मक परीक्षाओं के संबंध में अन्य आवश्यक जानकारी तथा परीक्षकों की नियुक्ति आदि की सूचना परिषद के सम्बन्धित क्षेत्रीय कार्यालयों से प्राप्त होंगी। इण्टरमीडिएट के प्रयोगात्मक विषयों में निर्धारित पूर्णांक में से पचास प्रतिशत अंक आन्तरिक परीक्षक द्वारा तथा पचास प्रतिशत अंक वाह्य परीक्षक द्वारा देय होगा। इसी प्रकार व्यक्तिगत परीक्षार्थियों के लिए जो विद्यालय प्रयोगात्मक परीक्षा हेतु केन्द्र निर्धारित किये जायेगें उन विद्यालयों से सम्बन्धित विषयों के अध्यापक द्वारा पचास प्रतिशत अंक आन्तरिक मूल्यांकन व्यवस्था के अन्तर्गत प्रदान किये जायेगें शेष पचास प्रतिशत अंक वाह्य परीक्षक द्वारा देय होगें। इण्टरमीडिएट परीक्षा हेतु पंजीकृत समस्त संस्थागत् तथा व्यक्तिगत परीक्षार्थियों की अनिवार्य विषय नैतिक योग, खेल एवं शारीरिक शिक्षा की प्रयोगात्मक परीक्षाएं विद्यालय स्तर पर प्रधानाचार्य द्वारा सम्पादित करायी जायेंगी। कोविड–19 से बचाव की समस्त गाइडलाइन्स को अपनाते हुए सोशल डिस्टेन्सिंग के साथ प्रयोगात्मक परीक्षायें आयोजित करायी जायेंगी। ***परीक्षाओं की शुचिता को बनाये रखने के उद्देश्य से प्रधानाचार्यों को प्रयोगात्मक परीक्षायें सी0सी0टी0वी0 की निगरानी में सम्पादित कराना होगा। साथ ही परीक्षाओं से सम्बन्धित रिकार्डिंग प्रधानाचार्य द्वारा सुरक्षित रक्खी जायेंगीं और उन्हें मांगने पर परिषद के सम्बन्धित क्षेत्रीय कार्यालय को उपलब्ध कराया जाना होगा।***

हाईस्कूल की प्रयोगात्मक परीक्षाएं गत् वर्ष की भाँति विद्यालय स्तर पर आन्तरिक मूल्यांकन (प्रोजेक्ट कार्य) के आधार पर सम्पादित करायी जायेंगी। हाईस्कूल के व्यक्तिगत परीक्षार्थी अपने अग्रसारण केन्द्र के प्रधानाचार्य से सम्पर्क कर प्रयोगात्मक परीक्षा में सम्मिलित होने की कार्यवाही सुनिश्चित करें।

हाईस्कूल की प्रयोगात्मक परीक्षा (आन्तरिक मूल्यांकन), नैतिक खेल एवं शारीरिक शिक्षा तथा इण्टरमीडिएट की खेल एवं शारीरिक शिक्षा के प्राप्तांक विद्यालयों के प्रधानाचार्य के माध्यम से परिषद की वेबसाइट www.upmsp.edu.in पर ऑनलाइन अपलोड किये जायेगें। इस कार्य हेतु दिनांकः 25 जनवरी,2021 से वेबसाइट क्रियाशील हो जायेगी।

(दिव्यकान्त शुक्ल)
सचिव।

पृष्ठांकन संख्याः मा0शि0प0 / सिस्टम सेल / 561 (1-7) दिनांकः 21 जनवरी,2021

उक्त विज्ञप्ति की प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1– सम्पादक दैनिक समाचार पत्र .... को इस अनुरोध के साथ कि विज्ञप्ति को जनहित में अपने समाचार पत्र के समस्त संस्करणों में मुख्य पृष्ठ पर निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
2– निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, (माध्यमिक शिक्षा), माध्यमिक शिक्षा अनुभाग–7, उत्तर प्रदेश शासन।
3– शिक्षा निदेशक (मा0) एवं सभापति, मा0शि0प0, शिविर कार्यालय, 18 पार्क रोड़, लखनऊ।
4– समस्त मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक, उ0प्र0 को इस निर्देश के साथ कि वे अपने अधीनस्थ जिला विद्यालय निरीक्षकों को अपने स्तर से भी निर्देशित कर दें।
5– समस्त जिला विद्यालय निरीक्षक, उ0प्र0।
6– अपर सचिव, मा0शि0प0, क्षे0का0, मेरठ / बरेली / प्रयागराज / वाराणसी तथा गोरखपुर को इस आशय के साथ प्रेषित है कि वे उपर्युक्त कार्यक्रमानुसार अपने परिक्षेत्र की प्रयोगात्मक परीक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित करायें। इसका व्यापक प्रचार / प्रसार किया जाय।
7– सम्बन्धित कम्प्यूटर फर्म निर्धारित समय सारिणी के अनुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें।

(दिव्यकान्त शुक्ल)
सचिव।